विद्यावती मुकन्दलाल गर्ल्स कॉलेज, गाजियाबाद

दिनांकः 28/08/2024

आवश्यक सूचना

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के कार्यालय पत्रांकः परीक्षा/डी0आर0/9033 दिनांक 27.08.2024 के अनुपालन में सूचित किया जाता है कि NEP-2020 के अन्तर्गत संचालित स्नातक स्तरीय B.A./B.Sc./B.Com पाठ्यक्रमों में सत्र 2021–22 में प्रवेश लेने वाली सभी छात्राएं अपनी उपाधि के निर्धारित तीन वर्ष पूर्ण कर चुकी हैं। कतिपय छात्रा जो अनुत्तीर्ण रहने के कारण अपनी स्नातक उपाधि पूर्ण करने से वंचित रह गयी हैं, के भविष्य के दृष्टिगत माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार स्पेशल बैक परीक्षा का अवसर प्रदान किया जा रहा है। स्पेशल बैक पेपर परीक्षा फार्म निम्नलिखित शर्तों के अनुसार भरवाये जायेंगे :–

1. केवल ऐसे NEP-2020 के अन्तर्गत संचालित स्नातक पाठ्यक्रमों B.A./B.Sc./B.Com छात्राएं जिन्होंने सत्र 2021–22 में प्रवेश लिया था तथा सत्र 2023–24 में उपाधि के तीन वर्ष पूर्ण कर चुकी हैं, वे छात्राएं ही परीक्षा फार्म भरने हेतु अर्ह होंगी।
2. प्रथम से छठे सेमेस्टर तक एक या एक से अधिक सेमेस्टर के परीक्षा फार्म भरने की अनुमति होगी।
3. किसी एक सेमेस्टर में केवल एक ही मेजर विषय का परीक्षा फार्म भरा जा सकेगा। एक ही विषय के सैद्धान्तिक अथवा प्रयोगात्मक विषय कोड में से किसी एक अथवा दोनों का परीक्षा फार्म भरा जा सकेगा। चूँकि एक सेमेस्टर के सभी मेजर विषयों की परीक्षा एक ही तिथि एवं समय पर आयोजित करायी जायेगी इसलिए एक सेमेस्टर के एक से अधिक मेजर विषयों का परीक्षा फार्म भरना अनुमत नहीं होगा।
4. जैसा कि विदित है कि स्नातक प्रथम एवं द्वितीय वर्ष में एक–एक माईनर विषय उत्तीर्ण करना अनिवार्य है, छात्राओं को अपने दोनों वर्षों के माईनर विषयों का बैक पेपर परीक्षा फार्म भरना अनुमत होगा।

   ऐसी छात्राएं जिन्होंने प्रथम एवं द्वितीय वर्ष में किसी भी माईनर विषय का चयन नहीं किया था, को इस पत्र के साथ संलग्न सेमेस्टरवार माईनर विषयों के बैक पेपर परीक्षा फार्म भरना अनुमत होगा।

   ध्यान रहे माईनर विषय अपनी फैकल्टी से अलग फैकल्टी का होना चाहिए।
5. छात्रा एक अथवा एक से अधिक सेमेस्टर के को–करिकुलर विषय का परीक्षा फार्म भर सकेंगी।

Cont……2

6. छात्रा एक अथवा एक से अधिक सेमेस्टर के कौशल विकास पाठ्यक्रम (Skill development course) का परीक्षा फार्म भर सकेंगी। समस्त कौशल विकास पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं महाविद्यालय द्वारा आयोजित करायी जायेंगी। विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित अवधि में समस्त महाविद्यालयों को कौशल विकास पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं पूर्ण करा अंक विश्वविद्यालय पोर्टल पर अपलोड करने होंगे।
7. छात्राओं ने मुख्य परीक्षा में जिन विषय कोड का चयन किया था उन्हीं विषय कोड का बैक पेपर परीक्षा फार्म भरा जाये। बैक पेपर में विषय कोड परिवर्तित करना अनुमन्य नहीं होगा।
8. विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग को परीक्षा फार्म प्रेषित करते समय सम्बन्धित सेमेस्टर की सत्यापित ऑनलाईन निर्गत अंकतालिका संलग्न करना अनिवार्य होगा।

ऑनलाईन परीक्षा फार्म उपलब्ध होने की तिथि	: 28.08.2024
ऑनलाईन परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि	: 06.09.2024
महाविद्यालयों/संस्थान द्वारा परीक्षा फार्म सत्यापित करने की अन्तिम तिथि	: 07.09.2024
सत्यापित परीक्षा फार्म परीक्षा विभाग को उपलब्ध कराने की अन्तिम तिथि	: 09.09.2024

परीक्षा फार्म वेब लिंक https://www.ccsuniversity.ac.in/exam-form.php पर उपलब्ध होंगे। किसी भी समस्या के लिए टेलिफोन नं० 0121–2997771, 0121–2997772 तथा ईमेल आई०डी० helpdeskaimserp@gmail.com पर सम्पर्क करें।

M. Shukla 28/08/24
(डॉ0 मीना शुक्ला)
परीक्षा–प्रभारी

R. Prasad 28/8/24.
[प्रो0 (डॉ0) रचना प्रसाद]
कार्यवाहक प्राचार्या
Officiating Principal
Vidyavati Mukund Lal Girls College
Dayanand Nagar, Ghaziabad